### एक नजर में

## दुग्धोत्पादन का लक्ष्य दोगुना करने का अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन पशुपालन विभाग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में एवं कलेक्टर के निर्देशन में प्रदेश में दुग्धोत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने लक्ष्य में दिये जाने के फलस्वरूप दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान द्वितीय चरण का प्रारंभ जिला में 17 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अमले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौमैत्री, गौसेवकों के द्वारा पशुपालकों के घर घर जाकर सर्वे कार्य सम्पादित कराया जायेगा।**

इसका मुख्य उद्देश्य दुग्धोत्पादन को दुगना करने का लक्ष्य, कार्यक्रम के अन्तर्गत नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु स्वास्थ्य-पशुधन पशुपोषण, हरा चारा, पशु आहार एवं पशुपालकों को जागरूक करना है। अभियान की जानकारी कलेक्टर के द्वारा टीएल बैठक में जिले की सभी अधिकारियों को प्रदान की जाकर अभियान अन्तर्गत गतिविधियों से कराते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

# बिजली विभाग बकायादारों पर कर रहा लगातार कार्यवाही

**मोहनगढ़ क्षेत्र से बकायादार का ट्रैक्टर जब्त**

**किसान पति-पत्नी पर थी चार लाख की बकाया राशि**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**बिजली बिल बकायादारों के खिलाफबिजली कंपनी की वसूली और कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी है। शुक्रवार को मोहनगढ़ वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम धाना में एक किसान का ट्रैक्टर जब्त किया गया। किसान पति-पत्नी पर कुल चार लाख रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया था।**

जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी की टीम जब उपभोक्ता चक्कीलाल दांगी के घर पहुंची तो उनका ट्रैक्टर बाहर खड़ा था। चाबी उपलब्ध न होने पर टीम ने ट्रैक्टर को धक्का लगाकर स्टार्ट किया और उसे जब्त कर ले गई। यह कार्यवाही लंबित बिजली बिल की वसूली को लेकर की गई है। सहायक अभियंता नितिन बाथम ने बताया कि उपभोक्ता चक्कीलाल दांगी पर 2 लाख 11 हजार रुपए और उनकी पत्नी बरेथी बाई पर 2 लाख 14 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है। लंबे समय से भुगतान न किए जाने के कारण विभाग को राजस्व वसूली के प्रावधानों के तहत यह कदम उठाना पड़ा। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता सुधीर सोनी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अभूतपूर्व छूट दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ बकायादार जानबूझकर राशि जमा नहीं कर रहे हैं जिससे विभाग को मजबूरन कठोर कार्यवाही करनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छूट का कुर्की कार्यवाही से कोई सीधा संबंध नहीं है कार्यवाही केवल बकाया राशि के कारण की जा रही है। बकायादारों के पास अभी भी कम राशि जमा कर समाधान योजना के तहत अपना बिजली बिल निपटाने का अवसर है।बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ बिजली कंपनी की वसूली और कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी है। शुक्रवार को मोहनगढ़ वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम धाना में एक किसान का ट्रैक्टर जब्त किया गया। किसान पति-पत्नी पर कुल चार लाख रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया था। बिजली विभाग द्वारा इन दिनों बिजली का बिल जमा न करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है। विभाग ने अब सख्त रुख अपनाते हुए एक हितग्राही द्वारा बिजली बिल जमा न करने पर उसकी स्कूटी की कुर्की कर डाली। मोहंगढ़ क्षेत्र में विद्युत बिल बकायादारों के विरुद्ध बिजली विभाग ने सखत रुख अपनाते हुए कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में उपभोक्ता भैयालाल दांगी, जिन पर कुल 1 लाख 60 हजार 202 की भारी बकाया राशि थी, उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई करते हुए स्कूटी जब्त की गई है। सहायक अभियंता नितिन बाथम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त उपभोक्ता को समाधान योजना के अंतर्गत ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस योजना के तहत उपभोक्ता को कुल 98,203 की छूट मिलने के बाद केवल 65000 राशि जमा करनी थी, इसके बावजूद उपभोक्ता द्वारा उक्त राशि भी जमा नहीं की गई। उपभोक्ता की भुगतान इतिहास की जांच करने पर यह तथ्य सामने आया है कि कनेक्शन लिए जाने के बाद से आज तक उपभोक्ता द्वारा कभी भी विद्युत बिल का भुगतान नहीं किया गया।

**छूट का कुर्की की कार्यवाही से कोई संबंध नहीं**

लंबे समय से भुगतान न किए जाने के कारण विभाग को राजस्व वसूली के प्रावधानों के तहत यह कदम उठाना पड़ा। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता सुधीर सोनी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अभूतपूर्व छूट दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ बकायादार जानबूझकर राशि जमा नहीं कर रहे हैं जिससे विभाग को मजबूरन कठोर कार्यवाही करनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छूट का कुर्की कार्यवाही से कोई सीधा संबंध नहीं है कार्यवाही केवल बकाया राशि के कारण की जा रही है।

## 29 तरीख को होगा मोहनगढ़ में उपचुनाव






**नवभारत न्यूज मोहनगढ़।**
**त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनावों की तारीखों का ऐलान होते ही ग्राम पंचायत में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी, जिले की मोहनगढ़ पंचायत से निर्वाचित हुए कम्मोद केवट के 10 सितंबर को निधन के बाद पंचों के द्वारा सरपंच चुनाव किया गया था। जिसमें श्रीमती ऊषा केवट पति किशन केवट को सरपंच पद के लिए चुनाव किया गया था। जिसके बाद 5 दिसंबर को मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा की गई।**

जिसके बाद मोहनगढ़ पंचायत उपचुनाव को लेकर नामांकन दाखिल प्रक्रिया की अबधि समाप्त होने के बाद अब दो उम्मीदवार मैदान में है। जिसमें अखिलेश केवट एवं भगवानदास केवट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

यहां सबसे अहम बात यह है कि इस ग्राम पंचयात में कुल मतदाता 5475 है जिनमें केवट समाज के 1464 मतदाता चुनाव में अपनी अहम भूमिका में दिखाई देगे। इसके अलावा यहां 26सौ महिला एवं 2875 पुरूष मतदाता अपने मत का उपयोग 29 को मतदान के दिन करेंगे। 2 जनवरी को मतगणना के बाद यह तय हो पाएगा कि मोहनगढ़ ग्राम पंचयात के सरपंच की कमान किसको मिलेगी।

# रोजाना घने कोहरे से हो रही दिन की शुरूआत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मौसम का मिजाज एक बार फिर जिले भर में बदला सा नजर आ रहा है। शुक्रवार को दिन की शुरुआत कोहरे और बादलों के साथ हुई जिससे सर्द हवाओं का दौर जारी है और ठिठुरन बढ़ गई है।**

गुरुवार को सुबह से आसमान साफथा और धूप खिली हुई थी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। सोमवार से मौसम साफहोने का अनुमान है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री रहा।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शक्रवार अधिकतम तापमान घटकर 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने का अनुमान है। महीने के अंतिम सप्ताह तक ठंड का असर बढ़ने की संभावना है हालांकि अभी तक दिन में धूप और रात में ठंड से फसलों की वृद्धि अच्छी हो रही है।

## आज से जिलेभर में लगेंगे रोजगार मेले

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**एसआईएस सिक्योरिटी संस्था द्वारा जिला टीकमगढ़ प्रशासन के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती हेतु आज 20 दिसम्बर से 5 जनवरी 2026 तक रोजगार शिविरों का आयोजन किया जायेगा।**

तदनुसार आज शनिवार 20 दिसम्बर को थाना परिसर कोतवाली में, 21 दिसम्बर को थाना परिसर देहात में, 22 दिसम्बर को थाना परिसर जतारा में, 23 दिसम्बर को थाना परिसर पलेरा में, 24 दिसम्बर को थाना परिसर बल्देवगढ़ में, 25 दिसम्बर को थाना खरगापुर परिसर में, 26 दिसम्बर को थाना परिसर कुड़ीला में, 27 दिसम्बर को थाना परिसर बड़ागांव, 28 दिसम्बर को थाना परिसर बुड़ेरा, 29 दिसम्बर को थाना परिसर दिगौड़ा में, 2 जनवरी 2026 को थाना परिसर मोहनगढ़ में, 3 एवं 4 जनवरी 2026 को थाना परिसर चंदेरा में तथा 5 जनवरी को थाना परिसर बम्होरीकलां में रोजगार शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

एसआईएस लिमिटेड भर्ती के कमांडेंट अधिकारी लक्ष्मी नारायण मोबाईल ने जानकारी देते हुये बताया कि कि विशेष भर्ती अभियान के तहत सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा सुपरवाइजर, सीआईटी, डीएच, जीटीओ के पद पर शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को भविष्य निर्माण का मौका दिया जाएगा। शिविर कैंप में 10वीं 12वीं के सफ्ल 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

# बिहार सीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज पलेरा।**
**स्थानीय नगर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफविरोध प्रदर्शन हुआ। यह प्रदर्शन पटना में एक कार्यक्रम के दौरान एक महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने के मामले में किया गया। लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नगर में शुक्रवार को बड़ी संख्या मे लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव थाना पुलिस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी को एक ज्ञापन सौंपा।**

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने बताया कि 15 दिसंबर को पटना में हुई घटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा मुस्लिम महिला डॉक्टर के चेहरे से नकाब खींचकर मुस्लिम विरोधी मानसिकता का परिचय दिया गया और महिलाओं का सार्वजनिक अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल मुस्लिम महिला का नहीं बल्कि सभी महिलाओं का अपमान था। सपा प्रदर्शन कार्यो ने ज्ञापन सौंपने के बाद थाना तिहारे पर एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका।

## कार्य में लापरवाही करने पर शिक्षक निलंबित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय कार्य में लापरवाही करने पर प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ढिमरौला पंचमपुरा रूद्र प्रताप सिंह तोमर को मप्र सिविल सेवा नियम के तहत अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।**

निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक रूद्र प्रताप सिंह तोमर का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नियत किया गया। उल्लेखनीय है कि संकुल प्राचार्य शासकीय उमावि. मोहनगढ़ द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि रूद्र प्रताप सिंह तोमर प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ढिमरौला पंचमपुरा संकुलकेन्द्र शा. उमावि मोहनगढ़ जिला निरीक्षण के दौरान 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये।

# जागरण मंच ने निकाली स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट और स्वदेशी जागरण मंच ने शुक्रवार को स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा नजरबाग प्रांगण से शुरू हुई। संघ के प्रदेश पदाधिकारी रामकृष्णए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवालए कैट के जिलाध्यक्ष केके अग्रवाल और स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. देवकांत शेषा ने भगवा झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।**

यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी जहां व्यापारियों और समाजसेवियों ने जगह-जगह इसका स्वागत किया। मिश्रा तिराहे पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, प्रतेन्द सिंघई और बालमुकुंद विश्वकर्मा ने यात्रा का अभिनंदन किया। संकल्प यात्रा में कैट की महिला विंग की जिलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सहित कई राजनीतिक और सामाजिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई। रैली में श्जब बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे,और स्वदेशी अपनाएं, राष्ट्र को समृद्ध बनाएं जैसे नारे लगाए गए। स्वदेशी संकल्प यात्रा का समापन स्थानीय गांधी चौराहे पर हुआ। समापन स्थल पर जिला संघ चालक शिरीष बिहारी मिश्रा ने स्वदेशी संकल्प पत्र का वाचन किया और सभी उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद अपनाने की शपथ दिलाई।

# धन होने का लालच देकर महिला से ठगे 70 हजार रूपए

**शिकायत पर जालसाजी करने वगाला गिरफ्तार**

**कोतवाली पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**
**कोतवाली थाना क्षेत्र में जमीन के अंदर धन होने का लालच देकर एक परिवार से 70 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं जबकि उसके दो साथी फरार हैं।**

जानकारी के अनुसार गड़ाघाट निवासी गुड्डी बाई अहिरवार ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले किशोर अहिरवार अपने दो साथियों के साथ उनके घर आया था। आरोपियों ने दावा किया कि उनके घर में जमीन के नीचे धन दबा हुआ है और विशेष पूजा के बाद उसे निकाला जा सकता है। आरोपियों ने घर के अंदर खुदाई कर एक पोटली निकालने का नाटक किया और उसमें रखे नकली सोने के बिस्किट महिला को सौंप दिए। इसके बदले महिला से 70 हजार रुपए ले लिए गए। जाते समय आरोपियों ने कहा कि पोटली को 13 दिन तक पूजा में रखना है और इस दौरान खोलना नहीं है। महिला को शक होने पर उसने अपने रिश्तेदार राजकुमार अहिरवार को जानकारी दी। राजकुमार के पहुंचने पर पोटली खोली गई जिसमें सोने के बजाय नकली बिस्किट निकले। इसी बीच गुरुवार को आरोपी किशोरी अहिरवार 20 हजार रुपए और लेने महिला के घर पहुंच गया। धोखाधड़ी का मामला समझ में आने पर महिला और राजकुमार ने उसे पकड़ लिया और सीधे कोतवाली थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस ठगी में अजीज खान और एक अन्य व्यक्ति भी शामिल थे जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने नकली सोने के बिस्किट जब्त कर लिए हैं और मामले की जांच के साथ फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में जमीन के अंदर धन होने का लालच देकर एक परिवार से 70 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं जबकि उसके दो साथी फरार हैं। इसके बदले महिला से 70 हजार रुपए ले लिए गए। जाते समय आरोपियों ने कहा कि पोटली को 13 दिन तक पूजा में रखना है और इस दौरान खोलना नहीं है।

**शिकायत** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ित पक्ष ने दिया ज्ञापन

# क्रिकेट कोच से मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की उठ रही मांग



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शहर के नया बस स्टैंड पर क्रिकेट कोच विनय प्रताप सिंह के साथ हुई मारपीट के मामले में गुरुवार को उनके परिजन एसपी दफ्तर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को घटना में शामिल अन्य आरोपियों के नाम बताए। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।**

दरअसल विनय प्रताप के परिजनों ने बताया कि 14 दिसंबर को जब विनय सागर में थे तब उन्हें टीकमगढ़ निवासी शिवाजी नायक का फोन आया था। कॉल पर शिवाजी नायक ने उन्हें अपशब्द कहे और टीकमगढ़ पहुंचने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों के अनुसार इस कॉल की डिटेल उनके पास मौजूद है। अगले दिन 15 दिसंबर को विनय सागर से टीकमगढ़ आए। अर्पित खरे ने विनय के आने की जानकारी शिवाजी नायक को दी। इसके बाद शिवाजी ने अविनाश रजक से संपर्क कर कथित तौर पर मारपीट की योजना बनाई। विनय प्रताप ने पुलिस को बताया कि जब वह बच्चों के साथ टीकमगढ़ बस स्टैंड पर उतरे तो छोटू सेन, कृष्णकांत रैकवार, प्रियांशु रजक, रोहित घोष और 2.3 अन्य लोग गाड़ियों से आए। उन्होंने विनय को पकड़कर बस स्टैंड के अंदर ले जाने की कोशिश की। जब विनय ने छूटने का प्रयास किया तो छोटू सेन ने उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। छोटू सेन ने विनय के सिर पर लोहे के बके से दो बार वार किया।

कृष्णकांत ने लोहे की रॉड से उनके बाएं घुटने पर मारा जबकि रोहित घोष ने डंडे से मारपीट की जिससे विनय के दोनों हाथों में चोटें आईं। विनय प्रताप ने कहा कि अगर बीच-बचाव नहीं किया गया होता तो उनकी जान जा सकती थी। परिजनों ने एक बार फिर घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग दोहराई है। शहर के नया बस स्टैंड पर क्रिकेट कोच विनय प्रताप सिंह के साथ हुई मारपीट के मामले में गुरुवार को उनके परिजन एसपी दफ्तर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को घटना में शामिल अन्य आरोपियों के नाम बताए।

**कथित तौर पर बनाई मारपीट की योजना**

ज्ञापन में बताया गया कि घटना के दिन अर्पित खरे ने विनय के आने की जानकारी शिवाजी नायक को दी। इसके बाद शिवाजी ने अविनाश रजक से संपर्क कर कथित तौर पर मारपीट की योजना बनाई। विनय प्रताप ने पुलिस को बताया कि जब वह बच्चों के साथ शहर के बस स्टैंड पर उतरे तो छोटू सेन, कृष्णकांत रैकवार, प्रियांशु रजक, रोहित घोष और 2.3 अन्य लोग गाड़ियों से आए। उन्होंने विनय को पकड़कर बस स्टैंड के अंदर ले जाने की कोशिश की।

## बीज भंडारण के लिए हितग्राहियों का चयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन एनएफएसएनएम बीज घटक के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय प्रावधान अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण एवं बीज भंडारण इकाई स्थापना हेतु हितग्राहियों के चयन के लिये आवेदन उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय में आमंत्रित किये गये हैं।**

आवेदन की पात्रता, विस्तृत विवरण, शर्तें एवं नियम विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं पात्र हितग्राहियो, संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथ के पूर्व संपूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## एसपी द्वारा होमगार्ड सैनिक सम्मानित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सैनिक को किसान की जान बचाने के लिए सम्मानित किया गया है। होमगार्ड सैनिक इदरीश खान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर एक किसान को आत्महत्या का प्रयास करते हुए रोक लिया था। यह घटना एक दिन पहले हुई थी और शक्रवार को एसपी आलोक कुमार ने उन्हें पुरस्कृत किया।**

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्राई निवासी 60 वर्षीय छत्ता अहिरवार अपनी जमीन से संबंधित समस्या को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने पेंशन दिलाने का झांसा देकर उनकी जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम करा ली है और उसका नामांतरण भी कराया जा रहा है। ज्ञापन देने के कुछ समय बाद मानसिक तनाव में आकर छत्ता अहिरवार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगे चैनल गेट से गमछा बांधकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक क्रमांक 29 इदरीश खान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें रोक लिया। पुलिस बल की मदद से पीड़ित को सांत्वना दी गई और उसे एसडीएम के समक्ष ले जाकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। होमगार्ड सैनिक इदरीश खान की सजगता और सूझबूझ से एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। उनके इस उत्कृष्ट और मानवतापूर्ण कार्य के लिए उन्हें 500 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सैनिक को किसान की जान बचाने के लिए सम्मानित किया गया है। होमगार्ड सैनिक इदरीश खान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर एक किसान को आत्महत्या का प्रयास करते हुए रोक लिया था। यह घटना एक दिन पहले हुई थी और शक्रवार को एसपी आलोक कुमार ने उन्हें पुरस्कृत किया।